CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995

URC-U-SOCY

समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : **तीन** घंटे Time Allowed : **Three** Hours	अधिकतम अंक : **250** Maximum Marks : **250**

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

खण्ड A

SECTION A

Q1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) समाजशास्त्र के उद्‌गम में बौद्धिक शक्तियों ने किस तरह योगदान दिया ? विवेचना कीजिए ।
How did the intellectual forces lead to the emergence of sociology ? Discuss. *10*

(b) क्या समाजशास्त्र एक मूल्य-निरपेक्ष विज्ञान है ? विवेचना कीजिए ।
Is sociology a value-free science ? Discuss. *10*

(c) प्रणाली विज्ञान नियमों, सिद्धान्तों एवं प्रक्रियाओं की एक ऐसी व्यवस्था है, जो वैज्ञानिक शोध को रूप देती है । टिप्पणी कीजिए ।
Methodology is a system of rules, principles and procedures, which forms scientific investigation. Comment. *10*

(d) मैक्स वेबर के 'आदर्श प्ररूप' मानसिक संरचनाएँ हैं, जो वास्तविकता के अनुरूप नहीं हैं । अपने विचार दीजिए ।
'Ideal Types' of Max Weber are mental constructs, they do not correspond to the reality. Give your views. *10*

(e) सामाजिक परिवर्तन के अध्ययन में 'प्रतिमान परिवर्तियों' की प्रासंगिकता का विश्लेषण कीजिए ।
Analyse the relevance of 'Pattern variables' in the study of social change. *10*

Q2. (a) सामाजिक मानवशास्त्रियों के प्रकार्यवाद के बारे में आर.के. मर्टन की प्रतिक्रियाएँ क्या हैं ? निहित प्रकार्यों की सीमाओं के बारे में टिप्पणी कीजिए ।
What are the reactions of R.K. Merton to the functionalism of social anthropologists ? Bring out the limitations of latent functions. *20*

(b) समाज के रूपान्तरण (ट्रांसफोर्मेशन) में पदानुक्रम एवं बहिष्करण किस तरह प्रमुख बाधक हैं ? विवेचना कीजिए ।
How are Hierarchy and Exclusion the major impediments in the transformation of societies ? Discuss. *20*

(c) प्रजातन्त्र को समाज की एक व्यवस्था के रूप में स्पष्ट कीजिए । राजनीति में लोगों की भागीदारी को रोकने वाले कारक क्या हैं ?
Explain democracy as an order of society. What are the factors preventing people's participation in politics ? *10*

Q3. (a) पूँजीवाद ने समाज में काम की अनौपचारिकता को बढ़ावा दिया है । अपने उत्तर द्वारा प्रमाणित कीजिए ।

Capitalism has brought increasing informalisation of work in society. Substantiate your answer. *20*

(b) दुर्खीम के अनुसार धार्मिक जीवन के प्रारम्भिक रूपों (एलिमैन्ट्री फॉर्म्स ऑफ रिलिजियस लाइफ़) और धर्म की भूमिका का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए । समकालीन समाज में धार्मिक पुनर्जागरणवाद के परिणामों की भी चर्चा कीजिए ।

Critically analyse Durkheim's views on elementary forms of religious life and role of religion. Also discuss the consequences of religious revivalism in contemporary society. *20*

(c) आधुनिक भारतीय समाज में नातेदारी प्रणाली पर क्षेत्रीय विवाह के परिणामों की चर्चा कीजिए ।

Discuss the consequences of Across Region marriage on kinship system in modern Indian society. *10*

Q4. (a) क्या मानवता प्रकृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की दयालुता पर निर्भर है ? महामारी के सन्दर्भ में टिप्पणी कीजिए ।

Is humanity at the mercy of Nature, Science and Technology ? Comment in the light of pandemic situation. *20*

(b) दुर्खीम के अनुसार "शिक्षा का महत्त्वपूर्ण कार्य समाज के मानकों एवं मूल्यों का प्रसार करना है ।" विवेचना कीजिए ।

According to Durkheim, "The major function of education is the transmission of society's norms and values." Discuss. *20*

(c) सामाजिक गतिशीलता का बन्द एवं खुली व्यवस्थाओं के सन्दर्भ में आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically assess social mobility in closed and open systems. *10*

खण्ड B

SECTION B

Q5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) क्या भारत में समाजशास्त्र के कार्यक्षेत्र में भूमण्डलीकरण के सन्दर्भ में बदलाव आ रहा है ? टिप्पणी कीजिए ।
In the context of globalisation, has the scope of sociology been changing in India ? Comment. *10*

(b) सामाजिक शोध में परिकल्पना के महत्त्व एवं स्रोतों की चर्चा कीजिए ।
Discuss the importance and sources of hypothesis in social research. *10*

(c) दुर्खीम के विचारों के अनुसार सामाजिक तथ्यों के अवलोकन में आने वाली समस्याएँ क्या हैं ?
What are the problems in observing social facts in Durkheim's views ? *10*

(d) पूर्व-आधुनिक समाजों में विभिन्न धार्मिक आस्थाओं एवं व्यवहारों के कारणों का उल्लेख कीजिए ।
State the reasons for the various religious beliefs and practices in pre-modern societies. *10*

(e) क्या भारतीय समाज में विवाह की संस्था अभी भी पवित्र मानी जाती है ? टिप्पणी कीजिए ।
Does the institution of marriage continue to be sacred in Indian society ? Comment. *10*

Q6. (a) नई श्रम संहिताओं की विवेचना कीजिए और इनके भारत में औपचारिक एवं अनौपचारिक श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए ।
Discuss the new labour codes and their impact on formal and informal labour in India. *20*

(b) मिल्स के अनुसार, "विशिष्ट वर्ग संस्थागत दृष्टि से शासन करता है न कि मनोवैज्ञानिक दृष्टि से ।" टिप्पणी कीजिए ।
According to Mills, "Elites rule in institutional terms rather than psychological terms." Comment. *20*

(c) सामाजिक शोध में सामाजिक सर्वेक्षण पद्धति की योग्यताओं एवं कमजोरियों का विश्लेषण कीजिए ।
Analyse the strengths and weaknesses of social survey method in social research. *10*

Q7. (a) प्रौद्योगिकी ने प्रगति एवं निर्भरता की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया है । विवेचना कीजिए ।

Technology has accelerated the process of development and dependency. Discuss. *20*

(b) समाजशास्त्र में घटनात्मक दृष्टिकोण, प्रत्यक्षवाद की बहुत सी पूर्वधारणाओं को अस्वीकार करते हैं । टिप्पणी कीजिए ।

Phenomenological perspectives in sociology reject many of the assumptions of positivism. Comment. *20*

(c) मार्क्स के 'अलगाववाद' के सिद्धान्त का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically assess the Marxian theory of 'Alienation'. *10*

Q8. (a) सामाजिक परिवर्तन में मार्क्स सामाजिक संघर्ष को कैसे एक मौलिक तत्त्व के रूप में मानता है ?

How does Marx view social conflict as an essential element in social change ? *20*

(b) समाज के विकास पर श्रम के लिंग-विभाजन के पड़ने वाले प्रभाव कौन-से हैं ?

What is the impact of gender division of labour on the development of society ? *20*

(c) परीक्षण कीजिए कि सामाजिक आन्दोलनों का अन्त कैसे होता है । उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

Examine how social movements come to an end. Illustrate with examples. *10*